## समाचार

## राताखार–गेरवाघाट रोड का निरीक्षण किया महापौर, आयुक्त ने

## (सड़क के दोनों ओर सुरक्षात्मक व्यवस्था करने, बरसात के मद्देनजर मरम्मत करने तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यो को त्वरित रूप से पूरा करने दिए निर्देश)



कोरबा 05 जून 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने आज राताखार–गेरवाघाट रोड का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने सड़क के दोनों ओर क्रेश बेरियर लगाने , क्रॉस–ड्रेनेज के पास सुरक्षात्मक उपाय करने तथा वर्षा ऋतु को देखते हुए सड़क का आवश्यक मरम्मत कार्य करने सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यो को त्वरित रूप से पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नगर पालिक निगम केरबा द्वारा राताखार से गेरवाघाट ब्रिज तक 700 मीटर लम्बी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, इस मार्ग में मिट्टी फिलिंग कर डब्ल्यू.एम.एम. सड़क का निर्माण किया जा चुका है, डामरीकरण का कार्य अभी होना शेष है, किन्तु आवश्यकता को देखते हुए इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रारंभ कर दिया गया है। इस मार्ग के बनने से कोरबा से राताखार–गेरवाघाट ब्रिज होते हुए सीधे दर्री तक जाने का सुगम मार्ग उपलब्ध हो गया है तथा कोरबा से दर्री की दूरी कम हो गई है, वहीं कोरबा दर्री मुख्य मार्ग पर वाहनों का दबाव कम होने से आवागमन और अधिक सुरक्षित हो गया है। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने आज उक्त सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सड़क पर स्थित क्रॉस–ड्रेनेज के पास सुरक्षात्मक उपायों संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार किसी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए सड़क के दोनों ओर पूरी 700 मीटर लम्बाई में क्रेश बेरियर लगाए जाने को कहा। उक्त सड़क पर टो–वाल का निर्माण किया जा रहा है, जिसका कार्य शीघ्र पूरा किए जाने के निर्देश उनके द्वारा दिए गए। महापौर श्री प्रसाद ने निगम के अभियंताओं एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से कहा कि मानसून का आगमन निकट है, अतः कार्यो में तेजी लाकर कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें। उक्त सड़क पर भारी वाहनों के आवागमन के परिणाम स्वरूप बीच–बीच में गढ्डे बन गए हैं, जिसे देखते हुए उन्होने डब्ल्यू.एम.एम. के माध्यम से इन गढ्डों को भरकर आवश्यक मरम्मत कार्य

करने के निर्देश दिए, ताकि बरसात के दौरान सड़क पर चलने में वाहनों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

भ्रमण के दौरान निगम के अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, कार्यपालन अभियंता आर.के.माहेश्वरी, सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा एवं पीयूष राजपूत तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।